दैनिक भास्कर 14/02/2024

जीएमएन कॉलेज में किया ओरिएंटेशन प्रोग्राम

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के जसवंत राय मैमोरियल पुस्तकालय में इकोनॉमिक एंड पॉलीटिकल वीकली रिसर्च फाउंडेशन के इंडिया टाइम सीरीज डाटाबेस पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया। मुंबई से इकोनॉमिक एंड पॉलीटिकल वीकली रिसर्च फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. बिपिन देवाकर ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की। संयोजक व पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक अहलावत ने इस डेटाबेस को अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने इस डेटाबेस में उपलब्ध डाटा को बहुत ही लाभकारी बताते हुए कहा कि यह प्रमाणिक होने के साथ-साथ इसका अधिक से अधिक उपयोग शोध की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक है। मौके पर डॉ. कृष्ण पुनिया, डॉ. एसके पांडे, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. राकेश, डॉ. अनुराधा व डॉ. पिंकी मौजूद रहे।